# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (13.04.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 13.04.2025, PAGE-05

# सिंडिकेट में सत्येंद्र सिंह ने डॉ. राजीव कुमार को हराया

- एकेडमिक काउंसिल में डॉ. साकेत और डॉ. सौरभ को मिली जीत
- सिंडिकेट में चार और एकेडमिक काउंसिल में तीन निर्विरोध जीते

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में शनिवार को सीनेट की बैठक के बाद सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल का चुनाव भी हुआ। एकेडमिक काउंसिल में सहायक प्राध्यापक श्रेणी में दो उम्मीदवारों में लड़ाई थी। प्रोफेसर और शिक्षकेत्तर श्रेणी में निर्विरोध चुनाव हुआ। सहायक प्रध्यापक श्रेणी में सत्येंद्र प्रसाद सिंह विजयी रहे। उन्हें 32 वोट मिले। विपक्षी उम्मीदवार डॉ. राजीव कुमार को 10 वोट मिले। एक वोट अवैध घोषित हो गया।

सिंडिकेट में प्रोफेसर श्रेणी में प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. रमेश प्रसाद गुप्ता निर्विरोध चुने गये। शिक्षकेत्तरकर्मी में अधिवक्ता सच्चिदानंद और शब्बीर अहमद निर्विरोध चुने गये। एकेडमिक काउंसिल में भी सामाजिक विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय में ही उम्मीदवारों के बीच वोटिंग हुई। सामाजिक विज्ञान संकाय में डॉ. सौरभ और डॉ. रमण कुमार के बीच लड़ाई थी। डॉ. सौरभ को 34 और डॉ. रमण कुमार को 32 वोट मिले। डॉ. सौरभ विजयी घोषित हुए। कॉमर्स संकाय में डॉ. साकेत विजयी हुए। उन्हें 53 वोट मिले और उनकी विपक्षी डॉ. महजबीन को 14 वोट मिले।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 13.04.2025, PAGE-05

### सीनेट की बैठक : बीआरएबीयू में हंगामे के बीच 1050 करोड़ रुपए का बजट पास, पांच पीजी विभागों को खोलने पर लगी मुहर

# गांधी, आंबेडकर, कृपलानी, कर्पूरी व दिनकर पीठ बनेगा

- 24 कॉलेजों के संबद्धन के लिए फिर से कराई जाएगी जांच
- विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति पर लगे आरोपों पर उठे सवाल






शनिवार को सीनेट की बैठक के दौरान हंगामा कर रहे सदस्यों को समझाते कुलपति। बैठक के दौरान एक वक्त ऐसा भी आया जब सदस्य कुर्सी छोड़ खड़े हो गये और हंगामा करने लगे। इससे अफरातफरी की स्थिति बनी रही।

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर, जेबी कृपलानी, रामधारी सिंह दिनकर और जननायक कर्पूरी ठाकुर पीठ बनेगा। शनिवार को सीनेट की बैठक में सदस्यों ने इसकी मांग रखी, जिसे पास कर दिया गया। यह भी तय हुआ कि इन पीठों को चलाने के लिए 10-10 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया जायेगा।

कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक हंगामेदार रही। बैठक में 1050 करोड़ का बजट पास किया गया। बजट का प्रस्ताव विज्ञान के संकाय अध्यक्ष प्रो. शिवानंद सिंह ने रखा। सीनेट की शुरुआत रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने कुलाधिपति सह राज्यपाल का संदेश पढ़कर की। सीनेट सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि जुलाई में फिर से एकेडमिक सीनेट हो, जिसपर वीसी ने हामी भरी। इसके बाद सदस्य धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि पीजी विभागों में कंटीजेंसी नहीं मिल रही है। सदस्य संजय कुमार सुमन ने कहा कि खेलकूद में बजट की राशि कम है, इसे बढ़ाया जाये। सदस्य प्रमोद कुमार ने कहा कि वित्त समिति की बैठक में बजट को लेकर जो सुझाव दिये गये थे, उसका पालन नहीं हुआ है। बैठक में पांच पीजी विभाग खोलने पर भी मुहर लगी। इसका प्रस्ताव राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। जिन विषयों में पीजी विभाग खोले जाएंगे उनमें भोजपुरी, प्रबंधन, संगीत, समाजशास्त्र और लॉ शामिल है। हालांकि, इस प्रस्ताव पर प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि पीजी विभाग खोलने में 94 करोड़ के बजट का प्रस्ताव है, लेकिन यह नहीं बताया गया कि राशि नहीं आयी तो इसका इंतजाम कहां से होगा।

बजट पेश होने के बाद सदस्यों ने कई खामियां भी बताईं। प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि बजट में यूजीसी फंड के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। आंतरिक स्त्रोत से आय का पूरा उल्लेख नहीं है। नये कोर्स के लिए 26 करोड़ की मांग की गई, लेकिन बजट में यह नहीं बताया गया कि राशि नहीं मिलने पर विवि कहां से इसका इंतजाम करेगा। सदस्य रेणुबाला ने कहा कि अधिकारियों की कंटीजेंसी के लिए कोई प्रावधान नहीं है। डॉ. साजिदा अंजुम ने कहा कि छात्र संघ चुनाव के लिए बजट का जो प्रावधान किया गया था उसमें क्या व्यय हुआ। प्रो. जयकांत सिंह ने कहा कि प्रायोगिक विषयों की राशि बढ़ाई जाये। विधायक निरंजन राय और सदस्य संजय वर्मा ने कहा कि बजट की कॉपी एक हफ्ते पहले मिले। विधायक निरंजन राय ने कहा कि विवि की कार्यसंस्कृति पर जो आरोप लग रहे हैं, उसकी जांच की जाये।

### कॉलेजों से कहा गया कमियों को करें दूर

संबद्धन के लिए रिजेक्ट 24 कॉलेजों की फिर से जांच होगी। सदस्य और एमएलसी प्रो. संजय कुमार ने भी इस मुद्दे को उठाया। इसपर वीसी की तरफ से प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने कहा कि कॉलेजों को कहा गया है कि जो भी कमियां हैं उसे वह दूर कर लें। बैठक में आरसी कॉलेज सकरा और रामेश्वर कॉलेज में स्नातक व पीजी के नये कोर्स पास किये गये।

### कुलपति और राजद विधायक में नोकझोंक

सीनेट सदस्य और मीनापुर के विधायक राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव ने कहा कि विवि मे पहले से काम कर रहे डेली वेज कर्मचारियों का पैसा नहीं बढ़ा है और नये आये कर्मियों का पैसा बढ़ गया है। इसमें भेदभाव किया गया है। वीसी ने कहा कि यह गलत आरोप है। इसपर विधायक ने दस्तावेज दिखा दिये। दस्तावेज दिखाने पर वीसी ने उसे गलत बताया। इसपर तीखी नोकझोंक हुई।

### वीसी की कार्यशैली पर सदस्य और विधायक भिड़े

सीनेट की बैठक में सदस्य केशरी नंदन और महुआ विधायक मुकेश कुमार रोशन भिड़ गये। महुआ विधायक ने कहा कि किसी भी समस्या पर जब कुलपति को फोन लगाया जाता है तो वह नहीं उठाते। इसपर सदस्य केशरी नंदन ने कहा कि वीसी के कार्यकाल में विवि में काफी बदलाव आया है। इसपर दोनों भिड़ गये।

### विवि में शोधार्थियों के लिए खुलेगी लाइब्रेरी: वीसी

बैठक में कुलपति ने कहा कि एक साल में विवि में काफी बदलाव हुए हैं। हमने कई सकारात्मक काम किये। नैक का एसएसआर जल्द जमा होनेवाला है। शोध छात्रों के लिए विवि में रिसर्च लाइब्रेरी बनने जा रही है। एक साल में 30 से अधिक एमओयू किये गये हैं। विवि में 350 शिक्षकों के प्रमोशन किये गये। 61 शिक्षकों के रिसर्च प्रस्ताव मिल चुके हैं।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:13.04.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए होगी प्रवेश परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए सत्र में वोकेशनल कोर्स में नामंकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा होगी। यह परीक्षा विश्वविद्यालय स्तर से ही ली जाएगी। इसमें उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को विभिन्न वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए कालेज आवंटित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के इस प्रस्ताव को सीनेट से मंजूरी मिल गई है। कोर्स के शुल्क में भी नए सत्र से बढ़ोतरी की गई है। आइएमसी के प्रस्ताव को पहले एकेडमिक काउंसिल फिर सिंडिकेट और अब सीनेट से मंजूरी मिल गई है।

विश्वविद्यालय बाटनी विभाग में शार्ट टर्म स्किल एन्हांसमेंट कोर्स इन कंप्यूटर एंड इंफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नालाजी और सर्टिफिकेट कोर्स इन मशरूम कल्टीवेशन एंड स्पान प्रोडक्शन की पढ़ाई होगी। विश्वविद्यालय पीजी रसायनशास्त्र विभाग में बीटेक इन फूड टेक्नोलाजी की पढ़ाई शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। वहीं छह कालेजों में एलएलबी (तीन वर्षीय) और बीए एलएलबी (पांच वर्षीय) कोर्स की पढ़ाई होगी।

## इन कोर्सों के पाठ्यक्रम, आर्डिनेंस और रेगुलेशन हुए अप्रूव्ड

• मास्टर आफ आर्ट्स इन रशियन • डाक्टर आफ फिलासफी इन रशियन • बीटेक इन फूड टेक्नोलाजी • बीकाम (प्रोफेशनल), बीबीए (सप्लाई चेन मैनेजमेंट) और बीसीए (डाटा एनालिटिक्स) • एमसीए (तीन वर्ष से अब दो वर्षीय पाठ्यक्रम) • एमएससी फिश एंड फिशरीज पाठ्यक्रम (सेमेस्टर सिस्टम) • इंटीगरल टीचर एजुकेशन प्रोग्राम कोर्स (आइटीइपी) • एसकेजे ला कालेज में एलएलएम कोर्स

## विश्वविद्यालय में पांच स्वतंत्र विभागों की होगी स्थापना

• भोजपुरी • प्रबंधन • संगीत • समाजशास्त्र • विधि

## ये नए कोर्स शुरू होंगे

• जीवछ कालेज मोतीपुर - सर्टिफिकेट इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (सीसीए), कंप्यूटर लिटरेसी कोर्स (सीएलसी) • आरबीबीएम कालेज - सर्टिफिकेट कोर्स इन क्लीनिकल साइकोलाजी, सर्टिफिकेट कोर्स इन ब्युटिशियन केयर, सर्टिफिकेट कोर्स इन मधुबनी पेंटिंग, सर्टिफिकेट कोर्स इन मशरूम कल्चर, सर्टिफिकेट कोर्स इन गीता। • आरसी कालेज सकरा - सीसीए, सीएलसी, सर्टिफिकेट कोर्स इन ब्युटिशियन एंड मधुबनी पेंटिंग।

• एमडीडीएम कालेज - सीसीए और सीएलसी। • नीतीश्वर महाविद्यालय - सर्टिफिकेट कोर्स इन फैशन टेक्नोलाजी, सर्टिफिकेट कोर्स इन मधुबनी पेंटिंग। • आरएन कालेज हाजीपुर - सर्टिफिकेट कोर्स इन क्लीनिकल साइकोलाजी, सर्टिफिकेट कोर्स इन ब्युटीशियन केयर, सर्टिफिकेट कोर्स इन मधबनी पेंटिंग, सर्टिफिकेट कोर्स इन मशरूम कल्चर, सीसीए और सीएलसी और सर्टिफिकेट कोर्स इन गीता।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 13.04.2025, PAGE-04

# नए सीनेटरों ने बुलंद की आवाज, सुझाव दिए और निर्णय पर सवाल भी उठाए

प्रशांत कुमार• जागरण

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 12 वर्ष बाद चुनकर आए सीनेट के एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने बैठक में अपनी आवाज बुलंद की। कड़े तेवर में उन्होंने सवालों की बौछार कर दी। सीनेट के नवनिर्वाचित सदस्यों ने प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल खड़े किए तो कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। बजट के अभिभाषण के बाद से शुरू हुआ यह सिलसिला पहले सत्र की समाप्ति तक चलता रहा। इसकी शुरुआत प्रो. प्रमोद कुमार ने की। इसके बाद डा. रेणुबाला, डा. संजय सुमन समेत अन्य ने विचार रखे। डा. साजिद अंजुम ने कहा कि पिछले वर्ष भी बजट में छात्र संघ चुनाव पर राशि का निर्धारण किया गया था। इस वर्ष भी ऐसा किया गया है। क्या विश्वविद्यालय प्रशासन की मंशा छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की है या नहीं। छात्रों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए कैंपस में चुनाव होना जरूरी है। इसके बाद डा. संजय सुमन ने पीजी संस्कृत समेत अन्य विभागों में टंकी समेत अन्य की साफ-सफाई कराने और कंटीजेंसी दिए जाने की मांग की। इसके बाद डा. जयकांत सिंह जय ने शोध प्रबंध का प्रकाशन विश्वविद्यालय प्रेस से कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे रिसर्चर और छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। डा. विजयेंद्र झा ने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी एक ही कालेज में जमे प्राचार्यों के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई प्राचार्य सात से तो कई आठ वर्ष से अपने पद पर बने हुए हैं। कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि आयोग से नए प्राचार्यों की सूची प्राप्त होने के बाद प्राचार्यों का स्थानांतरण किया जाएगा। सीनेटर प्रो. प्रमोद कुमार ने संबद्ध कालेजों में शासी निकाय का गठन किए जाने, पद सृजन और सृजित पदों के विरुद्ध शिक्षकों की नियुक्ति कर इसे सिंडिकेट से अनुमोदित करते हुए सूची को वेबसाइट पर अपलोड किए जाने की बात कही। डा. धर्मेंद्र चौधरी ने संबद्ध कालेजों के शिक्षकों को शोध निदेशक बनाए जाने के साथ-साथ पीजी विभागों में कंटीजेंसी मद में राशि का प्रावधान किए जाने की मांग की।

छात्रसंघ चुनाव कराने की उठाई मांग, पांच वर्षों से अधिक समय से एक ही कालेज में जमे प्राचार्यों के स्थानांतरण का मुद्दा गूंजा



## जूनियर को अधिक और सीनियर को कम वेतन भुगतान का मुद्दा उठाया

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: विश्वविद्यालय में जूनियर को अधिक और सीनियर को कम वेतन दिए जाने का मुद्दा सीनेट में उठा। मीनापुर विधायक मुन्ना यादव ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत तृतीय और चतुर्थ वर्गीय दैनिक वेतन भोगी के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वेतन निर्धारण में अनियमितता की गई है। इसका कुलपति ने विरोध किया। मुन्ना यादव ने कहा कि जो पहले नियुक्त हैं उन्हें कम वेतन मिल रहा और बाद में नियुक्त होने वालों को अधिक वेतन का भुगतान किया जा रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। विधायक ने विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश की कापी के साथ आवेदन सौंपकर उचित निर्णय लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने वरीयता के आधार पर वेतन दिए जाने की मांग की है। कहा कि पूर्व से नियुक्त 28 कर्मियों को कम वेतन मिल रहा है तो बाद में आए 17 कर्मचारियों को अधिक वेतन का भुगतान हो रहा है।

बजट की कापी और एजेंडा समय स नहीं मिलने पर विरोध : सीनेट सदस्यों के साथ-साथ नगर विधायक बिजेंद्र चौधरी, गायघाट विधायक निरंजन राय और मीनापुर विधायक ने समय से बजट की कापी और एजेंडा नहीं मिलने का विरोध किया। कहा कि बैठक में आने के बाद एजेंडा और बजट की कापी मिलती है। इसे पहले उपलब्ध कराई जाए ताकि बजट पर चर्चा हो सके। कुलपति ने कहा कि अगली बैठक से पहले इसे लागू किया जाएगा। प्रो. शब्बीर अहमद ने प्रेस को चालू करने का मुद्दा उठाया और कहा कि इसके शुरू होने से विश्वविद्यालय की आर्थिक बचत होगी।

